श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
02.12.2025
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष त्रयोदशी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 102

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 06:10 बजे
अस्त - 05:10 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.


7 साईबर क्रिमनल अरेस्ट >> पेज 03 शत्रुघ्न सिन्हा ने धर्मेंद्र को याद कर शेयर किया भावुक पोस्ट >> पेज 05

**सुविचार**

किसी भी जीवन में आपका एकमात्र दायित्व स्वयं के प्रति सच्चा होना है।

**न्यूज अपडेट्स**

## रांची में रेस्टोरेंट कारोबारी ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट कुप्पुस्वामी के मालिक शंकर नारायण ने सोमवार को कांके थाना क्षेत्र के जगतपुरम कॉलोनी स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। उनका शव घर के कमरे से बरामद किया गया। सूचना मिलने पर कांके थाना प्रभारी प्रकाश रजक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पुलिस निगरानी में नीचे उतारा गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल से सुसाइड नोट की तलाश जारी है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शंकर नारायण पिछले कुछ समय से भारी कर्ज में डूबे हुए थे, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे। कर्ज का दबाव उनकी आत्महत्या की मुख्य वजह बताई जा रही है। शंकर मूल रूप से केरल के रहने वाले थे। उनके बड़े भाई वेलाई का भी रांची के हजारीबाग रोड पर होटल का व्यवसाय है। वेलाई ने बताया कि दोनों भाई हर साल गांव के मंदिर में होने वाली पूजा में शामिल होने के लिए केरल जाते थे, लेकिन इस बार शंकर नहीं गए। पहले ही कर्ज को लेकर उनकी चिंता साफ दिख रही थी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और पूरे मामले की विस्तृत छानबीन की जा रही है।

**संसद** संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने के पहले प्रधानमंत्री ने कहा

# संसद राष्ट्र निर्माण का मंच, न कि हार-जीत की राजनीति का अखाड़ा : मोदी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्ष और सत्ता पक्ष- दोनों से आग्रह किया कि यह सत्र न तो पराजय की बौखलाहट का मैदान बने और न ही विजय के अहंकार का मंच। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और अर्थतंत्र की मजबूती को आज दुनिया बड़ी बारीकी से देख रही है, ऐसे में संसद का हर क्षण राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोग होना चाहिए, न कि राजनीतिक नकारात्मकता में व्यर्थ जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि संसद देश को प्रगति की नई गति देने और भविष्य की दिशा तय करने का अहम माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संसद का शीतकालीन सत्र भी देश की विकास यात्रा में नई ऊर्जा भरेगा।

उन्होंने कहा कि भारत ने लोकतंत्र को जिया है। लोकतंत्र की उमंग और उत्साह को समय-समय पर इस तरह प्रकट किया है कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास और मजबूत होता रहता है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मतदान का जो आंकड़ा आया है, वह लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत का प्रमाण है। विशेष रूप से माताओं-बहनों की बढ़ती भागीदारी को उन्होंने देश की बदलती सोच और बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल ऐसे हैं जो अपने पराजय भाव को पचा नहीं पाते। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि बिहार के नतीजों के बाद समय के साथ सब संभल जाएंगे, लेकिन हाल की बयानबाजी से यह स्पष्ट है कि पराजय की पीड़ा अभी भी उन्हें विचलित कर रही है। यह दुखद है कि इस निराशा को वे संसद में लेकर आते हैं। उन्होंने बिना किसी दल का नाम लिए कहा कि संसद देश की नीतियों और भविष्य पर केंद्रित होनी चाहिए, न कि किसी राज्य की राजनीति का मंच बने। उन्होंने इस प्रवृत्ति को देश के लिए अस्वस्थ परंपरा करार दिया। मोदी ने कहा कि कुछ समय से संसद या तो चुनावों के लिए वार्म-अप अखाड़ा बन जाती है या फिर चुनावी हार के बाद गुस्सा निकालने का स्थल। यह परंपरा बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा, नेगेटिविटी की राजनीति की कुछ उपयोगिता हो सकती है, लेकिन राष्ट्र निर्माण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अनिवार्य है। आइए, नकारात्मकता को सीमित रखें और अपना ध्यान राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित करें।

प्रधानमंत्री ने युवा सांसदों को अधिक अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संसद में नई पीढ़ी के प्रतिनिधि नए विचारों और ताजगी भरे दृष्टिकोण के साथ आते हैं। देश को भी उनके अनुभव और ऊर्जा से लाभ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद नाटक का मंच नहीं, बल्कि डिलीवरी का स्थान है- वहां से निकलने वाला हर निर्णय देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है।

देश की आर्थिक प्रगति पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज नयी ऊंचाइयों को छू रही है और यह गति विकसित भारत के सपने को और मजबूत बनाती है। विश्व आज यह देख रहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था किस तरह विकास को गति दे सकती है।

प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की कि शीतकालीन सत्र को सकारात्मकता, सहयोग और रचनात्मक बहस का मंच बनाएं, ताकि संसद की ऊर्जा देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उपयोग हो सके। उन्होंने कहा, संसद देश के लिए क्या सोच रही है और क्या करने वाली है-यही इस सत्र का केंद्र होना चाहिए। विपक्ष भी अपना दायित्व निभाए, मजबूत मुद्दे उठाए और पराजय की निराशा से बाहर आए।

## बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती तूफान दितवाह के असर से छाया बादल, बढ़ी ठंड



**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने उठे चक्रवाती तूफान दितवाह के असर से रांची सहित राज्य के कई जिलों में बादल सोमवार को बादल छाया रहा। बादल छाने से दिनभर कनकनी का एहसास हुआ। यह जानकारी मौसम विभाग ने सोमवार को दी। विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान दिटवाह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाडी और इससे सटे तमिलनाडु एवं पुडुचेरी के तटीय इलाकों में बना हुआ है और यह धीरे-धीरे उत्तरी दिशा की ओर बढ़ रहा है। इसके अगले कुछ घंटों में डिप्रेशन (अबदाब) में परिवर्तित होने की आशंका है। इसके प्रभाव से झारखंड के विभिन्न जिलों में मंगलवार को भी बादल छाये रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार बुधवार (तीन दिसंबर) से मौसम साफ होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 29.8 डिग्री और सबसे कम तापमान 10.3 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आसमान में काले और घने बादल छाये रहे। इससे लोगों को दिनभर कनकनी का एहसास हुआ। बादल छाने से अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री की कमी दर्ज की गई। बादल छाने से लोग घरों में ठिठुरते नजर आए, जबकि कई लोग आम जलाकर गर्म होते दिखे।

### टेंपरेचर अपडेट

सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यू1नतम तापमान 13.4 डिग्री, जमशेदपुर में 28.4 डिग्री और 13.4 डिग्री, डालटनगंज में 27.4 और 11.5, बोकारो में 26.1 और 13.6 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.8 और न्यू.नतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## शादी के दो दिन बाद सड़क हादसे में युवक की मौत



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा स्थित नेशनल हाईवे पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। दो दिन पहले जिस घर में शादी की शहनाई गूंज रही थी, आज वहां चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है। हादसे में 31 वर्षीय राहुल पाठक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को राहुल किसी कार्य से बैंक से पैसे निकालकर सिंगरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मचा कोहराम

दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और चीख-पुकार मच गई। 28 नवंबर को ही राहुल की शादी सिमडेगा निवासी बसंत मिश्रा की पुत्री नेहा कुमारी से होटल माया पैलेस में हुई थी। शादी के दो दिन बाद ही हुए इस हादसे ने सभी को स्तब्ध कर दिया।

### हाइवा जब्त

सूचना पाकर सदर थाना प्रभारी लालजी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टक्कर मारने वाले हाइवा को जब्त कर लिया और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। शव का पोस्टमॉर्टम एमएमसीएच में कराया गया।

राहुल मूल रूप से पंजरी गांव के निवासी थे और मनोज पाठक के पुत्र थे। वर्तमान में वे अपने परिवार के साथ सुदना मोहल्ले में रहते थे। राहुल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और परशुराम सेना से भी जुड़े हुए थे।

**धनबाद आईआईटी (आईएसएम) के शताब्दी स्थापना सप्ताह की तैयारियां पूरी**

# 3 दिसंबर को आयेंगे गौतम अडाणी

**धनबाद।** झारखंड के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी (आईएसएम) धनबाद अपनी गौरवशाली यात्रा के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। शताब्दी स्थापना सप्ताह का भव्य शुभारंभ 3 दिसंबर को किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्र मुख्य रूप से शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी होंगे। डॉ. पीके मिश्र की भागीदारी यह दर्शाती है कि विज्ञान, तकनीक और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में संस्थान की भूमिका कितनी अहम रही है। समारोह में डीआरडीओ, ऊर्जा और खनन कंपनियों, सार्वजनिक प्रशासन, वैश्विक तकनीकी संगठनों और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से कई विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

### विकसित भारत @2047 पर अमृतकाल विमर्श

कार्यक्रम में विकसित भारत @2047 विषय पर अमृतकाल विमर्श आयोजित किया जाएगा। यह विमर्श आने वाले वर्षों में भारत की तकनीकी, औद्योगिक और




सामाजिक दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा।

### ज्ञान-विज्ञान प्रांगण होगा मुख्य आकर्षण

समारोह में ज्ञान-विज्ञान प्रांगण का उद्घाटन प्रमुख आकर्षण रहेगा। यहां अत्याधुनिक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें 3डी मेटावर्स माइनिंग, उन्नत सिस्मोलॉजी प्रणालियां, एआई संचालित डिजिटल ट्विन डैशबोर्ड, रोबोटिक्स, स्वच्छ ऊर्जा तकनीक शामिल हैं। यह प्रांगण संस्थान की उस सौ वर्षीय यात्रा का प्रतीक होगा, जिसने इसे एक पारंपरिक खनन विद्यालय से आधुनिक तकनीकी संस्थान में परिवर्तित किया है।

### राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक आयोजन

पूरे सप्ताह के दौरान महत्वपूर्ण खनिज संसाधन, सतत ऊर्जा संक्रमण, भारतीय ज्ञान परंपरा, महिला-नेतृत्व वाले नवाचार, माइनिंग 4.0, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, फ्रंटियर जियोसाइंसेस और पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम होंगे। सके साथ ही विद्यालयी छात्रों के लिए कार्यशालाएं, रोबोटिक्स गतिविधियां, नवाचार प्रतियोगिताएं और विज्ञान-प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। एसपीआईसी मैके, लोक कलाकारों, रंगमंच दलों और छात्र कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी। सप्ताह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण पूर्व छात्रों का सम्मेलन भी होगा, जिसमें पूर्व निदेशक, पूर्व अध्यक्ष और देश-विदेश के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र भाग लेंगे। सम्मेलन में आईआईटी (आईएसएम) की सौ वर्षों की यात्रा और भविष्य की दिशा पर चर्चा की जाएगी।



# स्वर्ण व्यवसायी पर हमले का खुलासा नहीं, पुलिस के हाथ खाली

**नीलू चौबे**

**श्री बंशीधर नगर :** शहर के स्वर्ण व्यवसायी दीपक कुमार सोनी पर हुये जानलेवा हमले के तीन दिन बीत जाने के बाद भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। हालांकि मामले को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया है। मामले का उदभेदन करने के लिये पुलिस की कई टीमें लगी हुई है। अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिये चुनौती बन गई है। यहां बताते चलें कि गत शनिवार की शाम शहर के स्वर्ण व्यवसायी दीपक कुमार सोनी अपनी दुकान बंद कर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से घात लगाये बाईक पर सवार अज्ञात हथियार बंद अपराधियों ने चेचरिया मोड़ के निकट उनपर अचानक हमला कर दिया। अपराधियों ने पहले व्यवसायी का झोला लूटने का प्रयास किया नहीं देने पर अपराधियों ने गोली चला दी। हालांकि संयोग सही था कि गोली व्यवसायी को दाहिने पैर में लगी थी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। घायल होने के बाद अपराधियों ने दुकान की चाबी लूटकर एवं हथियार को फेंक कर फरार हो गये थे। घटना के बाद से पूरे बाजार में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया था। उधर घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा के एसडीपीओ सह श्री बंशीधर नगर के प्रभारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने तत्काल श्री बंशीधर नगर पहुंचकर घायल व्यवसायी से घटना की पूरी जानकारी ली तथा पुलिस टीम के साथ अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गये। घटना के दूसरे दिन भी उन्होंने शहर के कई प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला और आवश्यक साक्ष्य जुटाये। इसके बावजूद पुलिस को अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। घटना के बाद से ही शहर के व्यवसायियों में दहशत और आक्रोश दोनों व्याप्त है। स्थानीय एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने छुट्टी से वापस लौटकर अनुसंधान की कमान संभाल ली है। व्यवसायियों को पुलिस पर पूरा भरोसा है। व्यवसायियों का कहना है कि पुलिस पूरी गंभीरता से मामले की जांच कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही अपराधी गिरफ्तार कर लिये जायेंगे।

## न्यूज अपडेट्स

### क्रिकेट टूर्नामेंट कल से, प्रवेश शुल्क 3100 रु

**कांडी :** प्रखंड की लमारी कला पंचायत के हरिगावां गांव में स्व राम प्रसाद सिंह की स्मृति में एक क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होने जा रहा है, जिसका शुभारंभ आगामी 3 दिसंबर को होगा। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष बिपुल सिंह ने बताया कि इस टूनार्मेट में कुल 16 टीमें भाग लेंगी और सभी मैच 12-12 ओवर के खेले जाएंगे। टूनार्मेंट में भाग लेने के लिये प्रत्येक टीम के लिये 3100 रुपए का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें टीम प्रवेश शुल्क का 50 प्रतिशत अग्रिम जमा करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित करा सकती है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि एक टीम से खेला हुआ खिलाड़ी टूनार्मेंट में किसी अन्य टीम से नहीं खेल पायेगा। पुरस्कार राशि की बात करें तो टूनार्मेंट की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जायेगी। जबकि उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए की नकद राशि दी जायेगी। इसके अतिरिक्त, फाईनल मैच में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिये आकर्षक उपहार की व्यवस्था भी की गई है।

### गर्भपात के दौरान महिला की मौत

**विश्रामपुर :** नगर परिषद मुख्यालय के सोरडीहा मुहल्ले में संचालित न्यू लाईफ हॉस्पिटल में गर्भपात के दौरान फिर एक महिला की जान चली गई है। घटना 30 नवंबर दिन रविवार की बताई जा रही है। पांडु थाना क्षेत्र के तीसीबार गांव निवासी प्रदीप मेहता की 32 वर्षीय पत्नी साधना देवी को न्यू लाईफ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है कि महिला कुछ माह की गर्भवती थी, जिसका अवैध रूप से गर्भपात कराया गया। गर्भपात के बाद महिला का अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिसके बाद आनन फानन में उसे रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। न्यू लाईफ हॉस्पिटल प्रबंधन ने पैसे व पहुंच के दम पर मामले को दबाने का प्रयास किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## पलामू ▶ पुलिस ने ऑनलाईन ठगी का किया भंडाफोड़

# 7 साईबर क्रिमनल अरेस्ट

### अपराधियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल, सिमकार्ड, लैपटॉप, चेकबुक आदि बरामद



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पुलिस ने हुसैनाबाद में स्थित एक तीन मंजिला मकान में छापेमारी कर ऑनलाईन गेमिंग एवं सट्टे के माध्यम से ठगी कर रहे सात साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से बड़ी संख्या में मोबाईल, सिम कार्ड, लैपटॉप, कई बैंकों के एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक एवं राऊटर सेट आदि बरामद किये है। पकड़े गये साईबर अपराधियों में छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी राहुल सिंह लोधी, बिहार औरंगाबाद जिला के मदनपुर निवासी सुजीत कुमार विश्वकर्मा, मदनपुर का ही अजित कुमार विश्वकर्मा, औरंगाबाद का रोहित कुमार सिंह उर्फ राजा, बोकारो का जुबेर अंसारी, रामगढ़ का अयाज आलम उर्फ टिंकू एवं रांची का अक्षय कुमार कुंडू शामिल है। सभी अपराधी 22-28 वर्ष आयु वर्ग के हैं। पुलिस की पूछताछ में अपराधियों ने ठगी के इस नेटवर्क के संचालकों के नाम का भी खुलासा किया है जिसमे भिलाई के शेल्वी उर्फ मनीष, औरंगाबाद के आजन गांव निवासी राजन कुमार सिंह एवं एक अन्य प्रवीण भैया के नाम का खुलासा हुआ है। इसकी जानकारी देते हुये एसपी रिष्मा रमेशन ने पत्रकारों को बताया कि रविवार को एसडीपीओ हुसैनाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हुसैनाबाद अनुमंडल स्थित अनिल कुमार विश्वकर्मा के तीन मंजिला मकान में पिछले कुछ दिनों से कुछ संदिग्ध युवक ठहरे हुये हैं, जो ऑनलाईन गेमिंग एवं सट्टे के माध्यम से ठगी का कार्य कर रहे हैं तथा उनके पास अन्य संदिग्ध युवक भी लगातार आ-जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एसडीपीओ हुसैनाबाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। तत्पश्चात गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये उक्त मकान के तीसरे तल्ले पर छापेमारी की गई, जहां से दो अलग-अलग कमरों में कुल 7 युवक लैपटॉप, टैबलेट एवं विभिन्न मोबाईल फोन के माध्यम से ऑनलाईन गेमिंग/बेटिंग गतिविधियों में संलिप्त पाये गये जिन्हें मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे महादेव बेटिंग ऐप से संबद्ध नामक ऑनलाईन गेमिंग प्लेटफॉर्म का फ्रेंचाईजी संचालित कर रहे थे। इनके द्वारा ग्राहकों से ऑनलाईन रुपये जमा करवाकर टोकन मनी प्रदान की जाती थी एवं जीत-हार के अनुसार लेन-देन किया जाता था। प्रतिदिन लगभग 7 से 8 लाख रुपये तक का अवैध ऑनलाईन कारोबार इनके द्वारा किया जा रहा था, जिसमें 70 प्रतिशत राशि प्रमोटर्स को तथा 30 प्रतिशत फ्रेंचाईजी को प्राप्त होती थी। इस अवैध गतिविधि में म्यूल अकाउंट्स (फर्जी बैंक खातों) का प्रयोग किया जा रहा था। ग्रामीण क्षेत्र के भोले-भाले लोगों को पैसे का लालच देकर उनके दस्तावेजों के माध्यम से बैंक खाते खुलवाये जाते थे और उनके एटीएम कार्ड, पासबुक एवं चेकबुक अपने कब्जे में रख लिये जाते थे। गौरतलब हो कि पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से एक संगठित साईबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। अनुसंधान जारी है तथा अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये लगातार छापामारी की जा रही है। इस बाबत साईबर अपराध एवं ठगी आदि से जुड़े विभिन्न धारो के तहत एफआईआर दर्ज करते हुये गिरफ्तार अपराधियों को जेल भेज दिया गया है।

### सड़क पर नाली का गंदा पानी बहाने को लेकर दो पक्षों में तनाव, पुलिस पहुंचकर कराया मामला शांत



**उंटारी रोड :** थाना क्षेत्र के बिंदुआ-डेवडर गांव में सड़क पर नाली का गंदा पानी बहाये जाने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इसकी जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया, तब जाकर स्थिति सामान्य हुई। वहां की खराब सड़क लोगों की परेशानी का कारण बन गया है। वहीं सड़क किनारे स्थित घरों की नालियों से निकल रहे बदबूदार गंदा पानी से ग्रामीणों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। खासकर स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। कई बार छोटे बच्चे फिसलकर नालियों की गंदे पानी में गिर जाते हैं। सड़कों पर गंदे पानी बहने से बीमारी फैलने का खतरा से इनकार नहीं किया जा सकता है। बाईक सवार व राहगीरों के लिये भी यह समस्या बन चुकी है। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि जब वे नाली का गंदा पानी सड़क पर छोड़ने से मना करते हैं तो कुछ लोग विवाद और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो जाया करती है। समय रहते इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी कोई बड़ा विवाद खड़ा हो जाने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर कानून सम्मत कार्रवाई की मांग की है।

### युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने की है जरूरत : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर :** नप के बी मोड़ चौक पर सोमवार को एक नये फर्नीचर शोरूम का शुभारंभ हुआ। साहिल फर्नीचर नामक शोरूम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कोई भी सरकार सभी युवाओं को रोजगार मुहैया नहीं करा सकती। स्वरोजगार से जुड़कर ही बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है। इसलिये युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने की जरूरत है। मौके पर पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, पूर्व वार्ड पार्षद नजमुद्दीन नूरी, गुलाम नबी अंसारी, कुदूस अंसारी, तसलीम अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आदिवासी बहुल गांव में 250 जरूरतमंदों के बीच गर्मवस्त्र का वितरण



**बंशीधर न्यूज**

**मेराल :** आनंदमार्ग प्रचारक संघ शाखा-मेराल के रजत जयंती के विशेष अवसर पर आनंदमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम की ओर से प्रखंड के अति पिछड़ा आदिवासी बहुल गांव रामबांध में शिविर लगाकर जरूरतमंदों के बीच गर्मवस्त्र का वितरण किया गया। सर्दियों के मौसम में गर्म कपड़ों का वितरण मानवता की भलाई और सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से लोगों के बीच श्वेटर, जैकेट, इनर, टोपी, मोफ्लर, मोजा, शर्त पेंट, साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर आचार्य अविन्द्रानंद अवधूत ने लोगों के बीच प्यार बांटते हुये कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है के दर्शन द्वारा निर्देशित जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन राहत और दीर्घकालिक विकास सहायता प्रदान किया जाता है। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कहा कि जगत के कल्याण के लिये निः स्वार्थ सेवा आनंद मार्ग के दर्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उक्त शिविर को आचार्य गोपीकृष्णानंद अवधूत, ब्रह्चारणी चयनिका आचार्या, मदन कुमार सहित कई लोगों ने संबोधित किया। शिविर को सफल बनाने में अनिल टोपो, सीता राम उरांव, वार्ड सदस्य नागेंद्र उरांव, सुनील ठाकुर, रंजीत कुमार, रोहित कुमार, सच्चिदानंद कुशवाहा, देवीशरण गुप्ता, मदन कुमार का विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन प्रोफेसर राज मोहन ने किया।

## लकड़ही मवि में बंद मध्याह्न भोजन चालू कराने व शिक्षकों को नियमित स्कूल आने को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

# छात्र-छात्राओं ने कहा- शराब के नशे में आते हैं हेडमास्टर

### नियमित नहीं आते हैं कई शिक्षक

### बीपीओ ने स्कूल पहुंचकर मामला को कराया शांत

**बंशीधर न्यूज**

**उंटारी रोड :** प्रखंड के मुरमा कला पंचायत के लकड़ही राजकीय उत्क्रमित मवि के शिक्षकों की मनमानी से वहां के सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होते जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि कई शिक्षक नियमित स्कूल नहीं आते हैं और आते भी हैं तो एक शिक्षक नशे की हालत में आते हैं। उनके इस रवैये से छात्र- छात्राओं के अलावे वहां के अभिभावकों में काफी आक्रोश है। शिक्षकों की रवैया से तंग आकर वहां के ग्रामीणों ने मुखिया मीना देवी व सामाजिक कार्यकर्ता पारस कुमार के नेतृत्व में सोमवार को स्कूल पहुंचकर जमकर विरोध किया। वहीं 15 दिनों से बंद मध्याह्न भोजन को चालू कराने की मांग की। मुखिया ने जिले के अधिकारियों को इस मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई के लिये आवेदन दिया है जिसपर सैकड़ों ग्रामीण का हस्ताक्षर है। इस संबंध में बीईईओ महेंद्र प्रजापति ने बताया कि उन्हें भी इसकी शिकायत मिली है। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीणों की शिकायत पर स्कूल पहुंचकर मामले की जांच किया था तब प्रभारी हेडमास्टर संजय कुमार को नशे की हालत में पाया था, तब उन्होंने संजय कुमार को अपनी रवैये में सुधार लाने का हिदायत दी थी। लेकिन अभी तक वे न तो अपनी कार्यशैली में सुधार लाया है और न ही नियमित स्कूल आते हैं। उनके व स्कूल के अन्य शिक्षकों की रवैया से तंग आकर वहां के अभिभावकों ने सोमवार को स्कूल पहुंचकर जमकर विरोध किया। तब बीपीओ नरेंद्र सिंह स्कूल पहूंचकर वहां के पारा टीचर मिथिलेश सिंह को बगल के स्कूल में प्रतिनियुक्त करने व हेडमास्टर संजय कुमार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये जिले के अधिकारियों को इसकी शिकायत भेजने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ। बीपीओ ने बताया कि बिना सूचना के यहां के शिक्षकों ने पिछले 15 दिनों से मध्याह्न भोजन बंद कर दिया है। जिसे जल्द ही शुरू कराया जायेगा तथा इसमें दोषी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जायेगी। मौके पर विकास पासवान, सत्येंद्र कुमार पासवान, अभय कुमार, अजय कुमार साव, संजय कुमार, गुड्डु रजवार, मदन रजवार, लालजी कुमार, अखिलेश कुमार, बिगन कुमार, अशोक कुमार समेत कई लोग शामिल थे।



### हमेशा विवादों में रहे हैं प्रभारी हेडमास्टर

**उटारी रोड :** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लकड़ही के प्रभारी हेडमास्टर संजय कुमार हमेशा विवादों के घेरे में रहते हैं। उन्हें स्कूल भवन बनाने की जिम्मेवारी मिली थी। भवन निर्माण की राशि की गबन के आरोप में उन्हें काफी दिनों तक निलंबित भी रहना पड़ा था। अभी तक भवन अधूरा पड़ा हुआ है। गबन की राशि लौटाने के बाद उन्हें निलंबन से मुक्त किया गया था।बीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि हेडमास्टर की कार्यशैली से न सिर्फ वहां के लोग परेशान हैं। बल्कि विभाग के अधिकारियों की भी बातों को वे अनसुनी कर दिया करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके विरुद्ध उक्त मामले में भी स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। संतोषजनक जबाब नहीं मिलने पर कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# आरोग्यम हॉस्पिटल ने एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आरोग्यम हॉस्पिटल एवं एजुकेशनल ट्रस्ट इंस्टीट्यूशन की ओर से एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। रैली की शुरूआत आरोग्यम हॉस्पिटल एवं एजुकेशनल ट्रस्ट इंस्टीट्यूशन से हुई। यह सदर अस्पताल होते हुये रंका मोड़ और घंटा घर तक पहुंची। जागरूकता का संदेश फैलाने के बाद, रैली वापस सदर अस्पताल गढ़वा के परिसर में आकर संपन्न हुई। मौके पर संस्था के संस्थापक डॉ दीपक पाण्डेय ने कहा कि विश्व एड्स दिवस जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स से जुड़े मिथकों को समाप्त कर समाज में सही जानकारी पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोग्यम संस्थान हमेशा स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और समाजहित में ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखेगा। मौके पर प्रमोद कुमार, रंजीत कुमार, प्रियांशु कुमार, ओमकार चौधरी, सृष्टि पाल, ऋषिका गुप्ता, मनु यादव, प्रियंका कुमारी, सुमित तिवारी, अंकेश पाण्डेय, दीपक दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### चार वारंटियों को धर दबोचा



**धुरकी :** पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दिशा में एक बड़ी कार्रवाई करते हुये लंबे समय से फरार चल रहे चार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विशेष अभियान चलाकर विभिन्न गांवों से इन आरोपियों को पकड़ा है। ये सभी आरोपी न्यायालय द्वारा जारी वारंटों के बावजूद वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार इनकी तलाश में जुटी हुई थी, जिसे सोमवार को बड़ी सफलता मिली। गिरफ्तार वारंटियों में लोलकी निवासी रामजीत कुशवाहा पिता मानिक चंद कुशवाहा, पुतूर निवासी सुनील प्रजापति पिता शम्भू प्रजापति, परासपानी कला निवासी रामावतार सिंह पिता स्व अली सिंह, भंडार निवासी अमृत कोरवा पिता स्व सुनर कोरवा शामिल हैं। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि यह गिरफ्तारी पुलिस टीम की लगातार गश्त और खुफिया जानकारी के आधार पर संभव हो पाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वारंटियों की गिरफ्तारी कानून व्यवस्था बनाये रखने और लंबित मामलों के निष्पादन के लिये अत्यंत आवश्यक थी। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

## गढ़वा ▶ आजसू ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

# मनमानी व भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** आजसू पार्टी के गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा के साथ मिलकर डीसी दिनेश कुमार यादव से मुलाकात की और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने गढ़वा सदर अस्पताल में व्याप्त मनमानी और भ्रष्टाचार को जनहित में अति आवश्यक बताते हुये, इसे तुरंत सुधारने की मांग की। दीपक शर्मा ने डीसी को बताया कि कोरोना संक्रमण काल में भारत सरकार द्वारा गढ़वा सदर अस्पताल को 14 वेंटिलेटर मशीनें प्राप्त हुई थीं, किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि इनकी सुविधा स्थापना दिवस से लेकर आज तक प्रारंभ नहीं की जा सकी है, जिसे जनहित में अविलंब चालू कराया जाना चाहिये। इसी प्रकार कोरोना संक्रमण काल में ही सभी वार्डों में पाईप



लाईन के माध्यम से ऑक्सीजन सप्लाई उपलब्ध कराने हेतु स्थापित कराया गया ऑक्सीजन प्लांट भी आज तक बंद पड़ा हुआ है, जिसे तत्काल चालू कराया जाय। आजसू ने डॉक्टरों की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि सदर अस्पताल में कार्यरत सर्जन डॉक्टर अपने निजी क्लीनिकों में सभी तरह का ऑपरेशन करते हैं। जबकि यही डॉक्टर सदर अस्पताल में एक भी मरीज का ऑपरेशन नहीं करते और मरीजों को तुरंत रांची या अपने क्लीनिक में रेफर कर देते हैं। उन्होंने मांग की कि सदर अस्पताल में सर्जन डॉक्टर से संबंधित ऑपरेशन सुनिश्चित कराया जाय। इसके अतिरिक्त उन्होंने गढ़वा ब्लड बैंक में भारी पैमाने पर ब्लड का गोरख धंधा चलने का आरोप लगाया, जहां मरीजों को एक यूनिट के नाम पर केवल 100 एमएल का पाउच दिया जाता है। जबकि मरीज के रजिस्टर में 350 एमएल की एंट्री की जाती है। आजसू ने पिछले छह माह के अंतराल में दिये गये ब्लड और मरीजों की विस्तृत जांच कराने की मांग की है। अंत में उन्होंने डीसी से निवेदन किया कि सदर अस्पताल में मेडाल जांच घर बंद होने से गरीब परिवार के मरीजों को इलाज में काफी कठिनाई हो रही है, अतः राहत देने के लिये तत्काल कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय।

## संत मरियम स्कूल के छात्रों ने किया गांव का शैक्षणिक भ्रमण



**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के छात्रों ने अपनी पाठ्यपुस्तक ग्राम श्री पाठ का अध्ययन पूरा करने के बाद वास्तविक ग्रामीण जीवन को समझने के लिये गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने खेत–खलिहान, हरियाली, पशुपालन, ग्रामीण परिवेश और प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा। भ्रमण के दौरान छात्रों ने जाना कि किस तरह गांव के लोग कृषि कार्य करते हैं, फसलों की देखभाल होती है और प्राकृतिक संसाधन ग्रामीण जीवन का आधार होते हैं। बच्चों में ग्रामीण जीवन को समझने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। शिक्षिका सुधा कुमारी ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुये ग्रामीण जीवन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और बताया कि किताबों से मिली शिक्षा को वास्तविक जीवन में समझना सीखने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाता है। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण, प्रकृति, खेती और ग्रामीण संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिससे वे अनुभव आधारित शिक्षा का महत्व समझ सकें।

# बाना स्कूल के बच्चों को एड्स के लक्षण और फैलने के तरीके बताये गये

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेशानुसार उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाना में कक्षा 9 और 10 के छात्रों के बीच विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता क्लास का आयोजन किया गया। इस क्लास में पैरा लीगल वॉलंटियर दीपक कुमार रवि ने छात्रों को विश्व एड्स दिवस की स्थापना 1 दिसंबर 1988 के बारे में




बताया और इसके उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने एड्स और एचआईवी का पूरा नाम से छात्रों को अवगत कराया। इसके बाद पीएलवी रामाशंकर चौबे ने एड्स फैलने के तरीके और इसके अर्थ को समझाया। उन्होंने बताया कि एड्स का अर्थ अधिग्रहित प्रतिरक्षा न्यूनता सिंड्रोम है, जो एचआईवी संक्रमण का सबसे गंभीर चरण है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें एचआईवी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत कमजोर कर देता है, जिससे शरीर संक्रमणों और कुछ कैंसर से लड़ने में अक्षम हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि अगर एचआईवी संक्रमण का समय पर इलाज न हो, तो यह लगभग 10 वर्षों बाद एड्स में बदल सकता है। पीएलवी कन्हाई प्रजापति ने एड्स के मुख्य कारण पर प्रकाश डालते हुये बताया कि एड्स तब होता है जब एचआईवी वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली, विशेष रूप से सीडी 4 कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। पीएलवी राम इकबाल चौबे ने छात्रों को एड्स के लक्षण, प्रसारित होने के तरीके, तथा एड्स रोकथाम के उपायों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## एचआईवी को लेकर लोगों में सतर्कता जरूरी : सिविल सर्जन

# एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता जरूरी

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सीएस डॉ अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी लाईलाज बीमारी नहीं है। अगर समय पर जांच और उपचार किया जाय तो कोई भी व्यक्ति पूरी उम्र स्वस्थ रह सकता है। भारत ने इस क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले कुछ वर्षों में एडस से होने वाली मौतों में जबरदस्त कमी आई है। वे विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग व डालसा की ओर से आयोजित




जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। डा श्रीवास्तव ने कहा कि आज भी बहुत से लोग इस बीमारी को लेकर कई भ्रांतियां और डर के साये में जी रहे हैं। इसलिये जागरूकता और सही जानकारी देना बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव लोगों को सरकार मुफ्त दवा दे रही है। एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो इंसान की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। समय पर इलाज नही होने पर यह एड्स में बदल जाता है जो स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा बन जाता है। उन्होंने कहा कि आज उपलब्ध एंटी रिस्ट्रो वायरल उपचार की बदौलत मरीज लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जी रहे हैं और संक्रमण फैलने का खतरा भी घटा है। स्वयंसेवी संस्था फर्ज की स्वर्णलता ने कहा कि एड्स ने दुनिया भर में करोड़ों लोगों को जीवन को प्रभावित किया है। यह बीमारी छूने से नहीं फैलता बल्कि असुरक्षित यौन संबंध बनाने से होता है। साथ ही संक्रमित खून चढ़ाने से भी होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिये लोगों में जागरुकता जरूरी है। मौके पर पीएलवी भागीरथी दूबे, विनय प्रसाद समेत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के एएनएम आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, रेफर



**श्री बंशीधर नगर :** निमार्णाधीन फोरलेन पर रविवार की देर शाम हुई सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के उनकी स्थिति गंभीर देखते हुये चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के कुशडंड गांव निवासी नॉशाद अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र शाहिद अंसारी और अख्तर अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र जाहिद अंसारी के रूप में हुई है।

## रमना प्रखंड में फाईलेरिया के तीन मामलों की पुष्टि



**रमना :** प्रखंड की रमना पंचायत में फाईलेरिया (हाथी पांव) नामक संक्रामक बीमारी के तीन मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। इस गंभीर बीमारी को बड़े पैमाने पर फैलने से रोकने के लिये 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक एक विशेष रात्रि रक्त पट संग्रह सह माईक्रो फाईलेरिया जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सिलीदाग पंचायत के मंगरा गांव और रमना पंचायत के चिन्हित स्थलों पर हुये इस व्यापक सर्वे में कुल 600 ग्रामीणों का रक्त पट संग्रह किया गया था। जांच के परिणाम अब जारी हो गये हैं, जिसने संक्रमण की स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। यहां तीन व्यक्ति इस लाईलाज बीमारी से संक्रमित पाये गये हैं। राहत की बात यह है कि मंगरा गांव से एक भी व्यक्ति संक्रमित नहीं पाया गया। एमटीएस विजय कुमार पाठक ने इस बात की जानकारी देते हुये बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने रमना प्रखंड के दो गांवों को चिन्हित किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी का इलाज केवल प्रारंभिक चरण में ही संभव है। यदि संक्रमण पूरे शरीर में फैल जाता है, तो इलाज संभव नहीं हो पाता है। संक्रमित लोगों का इलाज सरकार द्वारा मुफ्त में किया जा रहा है, ताकि यह खतरनाक बीमारी बड़े पैमाने पर न फैले।

## 21 दिसंबर को होगा क्षत्रिय गौरव मिलन समारोह, बांटा जा रहा आमंत्रण पत्र




**गढ़वा :** जिला मुख्यालय के गोविंद प्लस टू विद्यालय (टाउन हॉल) के मैदान में 21 दिसंबर को आयोजित क्षत्रिय गौरव एकता मिलन समारोह को सफल बनाने के लिये संपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके तहत प्रखंडों में गठित कमेटी से संपर्क किया जा रहा है। साथ ही गांवों में आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गढ़वा प्रखंड के हरैया गांव से इस अभियान की शुरूआत की गई जिसमें क्षत्रिय समाज के 100 से अधिक लोग उपस्थित थे। सोमवार को क्षत्रिय महासभा की श्री बंशीधर अनुमंडल इकाई के अध्यक्ष इंदल सिंह की नेतृत्व वाली कमेटी के साथ बैठक की गई। उसके बाद उनके साथ गांवों में कार्यक्रम की सफलता के लिये आमंत्रण पत्र बांटा गया। इस दौरान भैंसबेढ़वा, केतार प्रखंड के गंभरिया, बीजडीह, सिंहपुर, खैरवा गांव में आमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। इस अभियान में चुनूं सिंह, अमरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, दयानंद सिंह, बबन सिंह, उमेश सिंह, सच्चिदा सिंह, सुदर्शन सिंह, इंदल सिंह, राजू सिंह, गुड्डू सिंह, कुंडल सिंह, संतोष सिंह, बबलू सिंह, श्यामबिहारी सिंह, दामोदर सिंह, नागेन्द्र सिंह, योगेंद्र सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## अविनाश कुमार वर्मा बने बीएसएनएल सलाहकार समिति के सदस्य



**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम की अनुशंसा पर भारत संचार निगम लिमिटेड महाप्रबंधक रांची व्यापार क्षेत्र ने पांकी रोड रेड़मा निवासी अविनाश कुमार वर्मा को अपना सलाहकार समिति सदस्य के रूप में नामित किया है। अपने मनोनयन के बाद श्री वर्मा ने कहा कि पलामू सांसद विष्णुदयाल राम के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह भारत सरकार के द्वारा दिया गया सिर्फ एक दायित्व नहीं बल्कि भारत सरकार के द्वारा दिया गया एक सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि मैं उनके विश्वास पर खरा उतरते हुये बीएसएनएल की नीतियों और उद्देश्यों को पूरा करते हुये आम उपभोक्ताओं की समस्याओं को सलाहकार समिति की बैठकों में रखते हुये जनहित के प्रति समर्पित रहूंगा ताकि केंद्र सरकार द्वारा समितियों में निर्देशित और तय किये गये उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। बता दें कि श्री वर्मा भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य और प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक के साथ ही साथ कई सामाजिक संगठनों और संस्थाओं से जुड़कर कई वर्षों से अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं।



## शत्रुघ्न सिन्हा ने धर्मेंद्र को याद कर शेयर किया भावुक पोस्ट

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के अचानक निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। इस गहन दुःख से उनके सह-कलाकार और पुराने जिगरी दोस्त शत्रुघ्न सिन्हा भी अभी तक उबर नहीं पाए हैं। शत्रुघ्न ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर धर्मेंद्र के साथ बिताए कुछ यादगार पलों की तस्वीरें शेयर करते हुए एक भावुक पोस्ट लिखा। इनमें एक तस्वीर में पूणम सिन्हा और हेमा मालिनी भी नजर आ रही हैं। शत्रुघ्न ने अपने पोस्ट में लिखा, ₹हमारे सबसे प्रिय पारिवारिक मित्र से मुलाकात हुई। ड्रीमगर्ल हेमा हमारी सबसे प्यारी पारिवारिक मित्र, हमारे बड़े भाई को खोने के इस दुखद समय में उनसे मिलना हृदय विदारक था। धर्मेंद्र की दो खूबसूरत बेटियों ईशा देओल और अहाना देओल से उनके अपार दुख पर सांत्वना। धरमजी एक दयालु और सौम्य आत्मा थे। वह आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। ओम शांति।

**धर्मेंद्र का निधन और अंतिम संस्कार**

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में हुआ। लंबे समय से बीमार चल रहे धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 12 नवंबर को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनका इलाज घर पर किया जा रहा था, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। 28 नवंबर को धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। धर्मेंद्र की यादें और उनके फिल्मी योगदान हमेशा भारतीय सिनेमा के इतिहास में जीवित रहेंगे।

## भारतीय सिनेमा के बागी वी. शांताराम की भूमिका निभाएंगे सिद्धांत चतुर्वेदी



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार फिल्म 'धड़क 2' में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी नजर आई थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को दर्शकों की तरफ से खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। फिलहाल सिद्धांत अपनी नई परियोजना के लिए तैयार हैं, जो एक बायोपिक होगी। इस फिल्म में वह मशहूर फिल्म निमार्ता वी शांताराम का किरदार निभाते दिखाई देंगे। उत्सुकता और रोमांच बढ़ाने के लिए इस बायोपिक से सिद्धांत की पहली झलक भी पहले ही शेयर कर दी गई है। इस बायोपिक को अभिजीत शिरीष देशपांडे ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में वी शांताराम के जीवन और उनके सिनेमा में योगदान को पर्दे पर दिखाया जाएगा। सिद्धांत ने अपने पोस्टर के साथ लिखा, ₹भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला विद्रोही वापस वहीं आ गया है, जहां उसकी जगह है।₹ पोस्टर में सिद्धांत धोती-कुर्ता और टोपी में नजर आ रहे हैं, जो उनके लुक को बेहद शानदार बना रहा है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और फरदीन खान भी प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। हालांकि, फिल्म का नाम और रिलीज डेट अभी आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं हुई है। वी शांताराम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हिंदी और मराठी सिनेमा में सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों के जरिए एक नई दिशा दी।

## भारतीय तटरक्षक बल ने बांग्लादेशी ट्रॉलर पकड़ा, 15 मछुआरे गिरफ्तार



# राज्यसभा में एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन के स्वागत सत्र के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की।इस पर सरकार के जवाब को संतोषजनक न मानते हुए विपक्ष ने हंगामा किया और सदन से वॉकआउट कर गए।सभापति ने सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

सभापति ने शून्यकाल में कई सदस्यों को बोलने का मौका दिया। कार्यवाही शुरू करते हुए सभापति ने राज्यसभा में सदन के पूर्व सदस्यों- पश्चिम बंगाल से दो बार राज्यसभा सदस्य रहीं चंद्रकला पाण्डेय और प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा के निधन की सूचना दी। उन्होंने दिवंगत सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शून्यकाल और स्पेशल मेंशन की शुरूआत करते हुए उन्होंने कई सदस्यों को अपने मुद्दे उठाने के लिए कहा। इस बीच राज्यसभा में विपक्ष दलों ने एसआईआर, आंतरिक सुरक्षा और श्रम संहिता पर चर्चा कराने की मांग की। टीएमसी के डेरेक ओब्रायन ने कहा कि हम सभी विपक्षी पार्टियां इस बात पर सहमत हैं कि चुनाव सुधार पर चर्चा होनी चाहिए। यह मांग कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में भी की थी।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कोई भी विपक्ष की उठाई गई किसी



भी बात को कम नहीं आंक रहा है। यह सरकार के पास विचाराधीन है लेकिन इस पर चर्चा आज ही चर्चा कराने की मांग को पूरा करना मुश्किल है। 12 दलों के अलावा और भी दल हैं जो कई राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। सरकार किसी भी मुद्दे को उठाने से पीछे नहीं हट रही है। इस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी विपक्षी दल इस बात पर एकजुट हैं, विपक्ष को विभाजित करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। सदन में एसआईआर पर चर्चा होनी चाहिए। अगर नहीं होगा तो हम विरोध प्रदर्शन करेंगे। जॉन ब्रिटास ने कहा कि हम सभी एकजुट हैं। कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि एसआईआर करने वाले 23 अधिकारी अब तक सुसाइड कर चुके हैं लेकिन इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कराए जाने पर विपक्षी दलों ने बहिर्गमन किया। हंगामे के बीच कार्यवाही जारी रही। सभापति राधाकृष्णन ने प्रेमचंद गुप्ता, राघव चड्ढा, कृष्णैया को अपनी बात रखने के लिए कहा, लेकिन राघव चड्ढा ने कहा कि हाउस ऑर्डर में नहीं है। अब्दल्ल वहाब ने भी बोलने में असमर्थता जता दी। इस बीच दो रोचक वाकया हुआ। उत्तर प्रदेश से सदस्य संगीता यादव औ? बिहार से धर्मशीला गुप्ता को सदन में अपने मुद्दे पर बोलना था लेकिन पेपर नहीं होने के कारण दोनों बोल नहीं पाईं। भाजपा के बृजलाल ने रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह करीब डेढ़ से दो करोड़ की तादाद में हैं। ये देश के संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा सदस्य बाबूभाई जेसंगभाई देसाई ने बच्चों में बढ़ते कैंसर का मुद्दा राज्यसभा में उठाया और यह मांग भी की कि बच्चों के लिए विशेष कैंसर हॉस्पिटल स्थापित किए जाएं। डॉक्टर बी थंबीदुरई ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का मुद्दा उठाया। शून्यकाल और स्पेशल मेंशन लेने के बाद सभापति राधाकृष्णन ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## सांसदों को जिम्मेदार सदस्य होना चाहिए, न कि गैर-जिम्मेदार : जेपी नड्डा

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि सभापति राधाकृष्णन ने सत्य को समझा है और जीवन का मार्ग चुनने की कला को अपने जीवन में अपनाया है। नड्डा ने कहा, ₹मल्लिकार्जुन खरगे साहब कह रहे थे कि आप कांग्रेस के घराने से आते हैं। मैं इसे दूसरे तरीके से देखता हूं। कांग्रेस घराने से आते थे और संघ की शाखा से जुड़े। आपके बड़ों ने तकरीर भी की, ये भी कहा कि ये गैर राष्ट्रवादी हैं, आपका जवाब था कि मैंने उनको देखा-परखा है, साथ काम किया है और वह राष्ट्रवादी हैं और सही राष्ट्रवादी हैं। उन्होंने कहा कि सभापति कभी दवाब में नहीं आए। स्वचेतना से आपने अपने जीवन की विचारधारा की राह तय की। सारा जीवन सामाजिक कार्यों में गया। आपका काम करने का तरीका समाज के प्रति समर्पण हमेशा दिखता रहा। भले ही सभापति का अनुभव राजनीतिक क्षेत्र में रहा है, लेकिन वे सदैव सामाजिक मुद्दों के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं। उन्होंने राधाकृष्णन द्वारा निभाई गई भूमिकाओं का उल्लेख किया– दो बार सांसद, अहम कमेटियों में रहे और महाराष्ट्र व झारखंड के राज्यपाल के रूप में सेवा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राधाकृष्णन समर्पण के साथ राज्यसभा का नेतृत्व करेंगे। नड्डा ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शब्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें संसद का जिम्मेदार सदस्य होना चाहिए, न कि गैर-जिम्मेदार पेशेवर आंदोलनकारी। इससे पहले सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपराष्ट्रपति एवं नवनियुक्त सभापति राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि सदन की निष्पक्ष एवं सुचारु कार्यवाही में विपक्ष पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने आग्रह किया कि सदन में विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के सदस्यों को समान अवसर मिलना चाहिए।

## जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

**मेदिनीनगर** : जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत प्राचार्य डॉ अजय कुमार पासवान ने दीप जलाकर की। प्राचार्य डॉ अजय कुमार पासवान ने कहा कि रक्तदान एक महादान और सबसे पुनीत कार्य है। सभी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। यह दान किसी के जीवन बचाने में सहायक होता है। शिविर में रक्त दाताओं के रक्त की जांच कर रक्तदान की शुरूआत की गयी। छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय कर्मियों ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं के लिये मिष्ठान और जूस की व्यवस्था की गई थी। मौके पर एचडीएफसी बैंक की ओर से रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बर्सर जयप्रकाश राम, प्रधान सहायक राजीव मुखर्जी, बर्नाड टोप्पो, स्वीटी बाला, कमलेश पांडेय, मशरूर अहमद खान, बल्ड बैंक के प्रयोगशाला प्रवैधिक आलोक कुमार, अभय कुमार, राजेश कुमार, फिजा फिरदौस, शबाना, एचडीएफसी बैंक से धीरेंद्र सिंह, असिस्टेंट मैनेजर नीरज कुमार मौजूद थे। छात्रा सानिया अग्रवाल, चांदनी कुमारी, खुशी कुमारी, छात्र दिवाकर दुबे, कृष जायसवाल, सरफराज समेत कई विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।

## एसपी से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल, तेज रफ्तार पर सख्ती की मांग



**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एसपी रिष्मा रमेशन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक किये जा रहे बेहतर कार्यों के लिये आभार प्रकट किया। अध्यक्ष विकास शेट्टी ने बताया कि शहर में अपराध, ड्रग एडिक्शन और अनैतिक गतिविधियों में शामिल कुछ असामाजिक तत्व लगातार नये स्थान और तरीके तलाश कर सक्रिय हो रहे हैं। इसलिये कुछ संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अंबेडकर पार्क, नदी किनारे के क्षेत्र, इंडस्ट्रियल एरिया, हवाई अड्डा परिसर समेत शहर के शांत एवं सुनसान मार्ग में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने का अनुरोध किया। साथ ही यंग बाइकर्स द्वारा तेज रफ्तार एवं स्टंट ड्राइविंग को लेकर चिंता व्यक्त करते हुये प्रमुख मार्गों पर स्टॉप बैरियर लगाने, बाहरी क्षेत्रों से आने वाले रास्तों पर चेकिंग बढ़ाने एवं ट्रैफिक नियमों के कड़े अनुपालन लागू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने कहा कि बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी लगाये जाने से अपराध पर काफी नियंत्रण हुआ है। इसी मॉडल को आगे बढ़ाते हुये संवेदनशील सार्वजनिक स्थलों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं उनका कंट्रोल पुलिस विभाग के पास रखने तथा कैमरे लगे होने का साईन बोर्ड प्रदर्शित करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने बताया कि एसपी मैडम ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुये शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। खासकर चिन्हित प्वाइंट पुलिस लाईन रोड, मिशन स्कूल रोड, मरीन ड्राईव नदी किनारे, केजी स्कूल रोड, हवाई अड्डा एवं आवश्यक सभी जगह पर स्टॉप बैरियर जल्दी लगाने एवं समय-समय पर वाहन जांच अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में गुरबीर सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, विजय प्रसाद, लव कुमार, विपिन वर्मा, आनंद वर्धन, पीयूष कुमार, पवन कुमार निलेश चंद्र, अमित लाल एवं रंजीत कुमार मिश्रा शामिल थे।

## कमर्शियल सिलेंडर 10 रुपये हुआ सस्ता, नयी दरें लागू



**नई दिल्ली।** साल के आखिरी महीने के पहले दिन राहत देने वाली खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 10 रुपये तक की कटौती की है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कमर्शियल गैस की नई दरें सोमवार से प्रभावी हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, कमर्शियल गैस के दाम में इस कटौती के साथ ही नई दिल्ली में अब 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत घटकर 1580 .50 रुपये हो गई है, जो पहले 1590 .50 रुपये प्रति सिलेंडर थी। कोलकाता में अब कमर्शियल गैस सिलेंडर 1694 रुपये से घटकर 1684 रुपये में मिलेगा। वहीं, मुंबई में इसकी कीमत 1542 रुपये से घटकर 1531.50 रुपये पर पहुंच गई है, जबकि चेन्नई में कमर्शियल सिलेंडर के दाम 1750 रुपये से कम होकर 1739 .50 रुपये हो गई है। उल्लेखनीय है कि घरेलू रसोई गैस के दाम में कोई बदलाव तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने नहीं किया है। दिल्ली में 14 .2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये ही है। मुंबई में यह 852 .50 रुपये, लखनऊ में 890 .50 रुपये प्रति सिलेंडर, करगिल में 985 .50 रुपये, पुलवामा में 969 रुपये और बागेश्वर में 890 .50 रुपये में मिल रहा है।

### बलोचिस्तान के नोक कुंडी में फ्रंटियर कॉर्प्स मुख्यालय पर बीएलएफ का हमला, राज्य व संघीय सरकार की उड़ी नींद

# आत्मघाती हमले में संगठन की महिला सदस्य ने खुद को उड़ाया

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत के चगाई जिले में रविवार देररात नोक कुंडी स्थित फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) मुख्यालय दक्षिण पर बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने हमला कर राज्य और संघीय सरकार की नींद उड़ा दी। इस हमले में शामिल बीएलएफ की एक महिला सदस्य ने एफसी मुख्यालय के द्वार पर खुद को उड़ाकर अपने साथियों के प्रवेश करने का रास्ता साफ किया। एफसी ने तड़के कहा कि मुख्यालय में घुसे तीनों सशस्त्र हमलावरों को मार गिराया गया। वहीं, बीएलएफ ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों के हमले में एफसी के कई अधिकारी और कर्मचारी मारे गए हैं।

डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एफसी के प्रवक्ता के बयान के अनुसार एक हमलावर को खुद को उड़ा लेने



के बाद सुरक्षाबलों ने कम से कम तीन हमलावरों को मार गिराया गया। एफसी मुख्यालय पर हमले की यह कोशिश प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने की। प्रवक्ता ने कहा कि यह आत्मघाती हमला है। प्रवक्ता ने कहा कि परिसर पर तलाशी अभियान चल रहा है। परिसर के भीतर अभी तीन हमलावरों के होने के आसार हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, नोक कुंडी में हुए हमले के आसपास पंजगुर जिले के गुरमाकन इलाके में एक चेक पोस्ट पर भी हमला होने की खबर है। नवंबर 2022 में टीटीपी के सरकार के साथ सीजफायर खत्म करने के बाद पाकिस्तान में खासकर बलूचिस्तान में आतंकी गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। शनिवार को भी बलोचिस्तान के क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में सात धमाके हुए। एक धमाके में प्रांतीय राजधानी के पास रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा उड़ गया और देश के दूसरे हिस्सों में रेल आवागमन रोक दिया गया। देररात एक और घटना में क्वेटा के सरियाब इलाके में एक निर्माण कंपनी के शिविर पर अज्ञात हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, नोक कुंडी में एफसी के जवानों की गोलीबारी में कई हमलावर मारे गए हैं। पंजगुर जिले के एक सिक्योरिटी चेक पोस्ट पर सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच कई घंटे तक गोलीबारी होती रही। इससे पहले पिछले सोमवार को पेशावर में संघीय कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के गेट पर एक आत्मघाती ने बम धमाका कर तीन जवान को उड़ा दिया था। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पंजगुर के मगरिब में चेक पोस्ट में कई घंटों तक झड़प हुई है। इस झड़प में पाकिस्तान की सेना को बड़ी क्षति हुई है। हथियारबंद लोगों ने चेकपोस्ट के पास स्थापित पाकिस्तान सेना के शिविर को निशाना बनाया। गौरतलब है कि पिछले एक दिन में कलात, क्वेटा, केच, चगाई और पंजगुर सहित बलोचिस्तान के विभिन्न जिलों में 23 से अधिक हमलों में पाकिस्तान की सेना, पुलिस, सरकारी सुविधाओं और रेलवे पटरियों को निशाना बनाया गया है, जबकि सशस्त्र व्यक्तियों ने क्वेटा और ईरानी सीमा की ओर जाने वाले मार्गों पर भी नाकेबंदी कर दी है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)